प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के निकट पोआबो गांव में वन विभाग द्वारा लगभग पांच करोड़ रूपए की लागत से विकसित कमियाना हिल्ल टॉप नेचर ट्रेल के प्रथम चरण का लोकार्पण किया। करीब आठ हैक्टेयर क्षेत्र में फैली इस परियोजना में अढाई किलोमीटर लंबा प्रकृति पथ विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता, प्रकृति के प्रति रूचि, जैव विविधता संरक्षण व सतत पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत स्वीकृत 16 सड़कों के निर्माण के लिए पांच करोड़ 20 लाख रूपए देने की घोषणा भी की।

मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कर्मचारियों व पेंशनरों से जुड़े विभिन्न लंबित मामलों पर चर्चा संभावित है। इसके अलावा विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने व सृजित करने पर भी बैठक में निर्णय लिए जाने की संभावना है।

चुनाव आयुक्त

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाताओं की जागरूकता और सहभागिता पर निर्भर करती है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने सभी नागरिकों से लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने और चुनावों में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची ही पारदर्शी चुनाव का आधार है ।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पंजाब में हिमाचल के वाहनों से वसूले जा रहे खालसा टैक्स को गलत बताया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमाचल और पंजाब की सरकारों को इस विषय पर बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

भूकंप

कांगड़ा व चंबा सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में बीती रात दस बजे के बाद भूकंप के तीन झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5 दशमलव शून्य मापी गयी है और इसका केंद्र 32 दशमलव दो–आठ–नौ डिग्री उत्तरी अक्षांश व 76 दशमलव चार–तीन–चार डिग्री पूर्वी देशांतर पर मात्र पांच किलोमीटर की कम गहराई पर स्थित था। हालांकि इस भूकंप से किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। हमारे चंबा जिला संवाददाता ने बताया कि भूकंप के तीन झटकों से लोग सहम गए।

शपथ ग्रहण

शिमला जिला में पंचायती राज संस्थाओं के नव–निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए आज शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जिले की सभी पंचायत समितियों के नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने के लिए पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है, जबकि जिला परिषद शिमला के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित बचत भवन में होगा। जिला की 13 पंचायत समितियों में संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदारों को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वाईब्रेंट विलेज

लाहौल स्पीति जिला के काजा में आज से विकसित भारत वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू हो गया है। हमारे लाहौल स्पीति जिला संवाददाता ने बताया कि इसमें देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 50 युवा भाग ले रहे हैं।

....